भारत डायनामिक्स लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय)
निगम कार्यालय, गच्ची बाउली – हैदराबाद

बीडीएल/104/बीडी-नि.वा./06 दिनांक : 10 अगस्त, 2020

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

बीडीएल में माननीय रक्षामंत्री द्वारा नयी अवसंरचनाओं के निर्माण सुविधाओं का शिलान्यास किया गया।

कंपनी द्वारा मनाये जा रहे 'अत्मनिर्भर भारत' सप्ताह के चलते भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) में आज माननीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह द्वारा **सीकर फेसिलिटी सेंटर** और **वारहेड उत्पादन सुविधा** के निर्माण का शिलान्यास किया गया।

नयी सुविधाओं का परोक्ष शिलान्यास माननीय रक्षा मंत्री द्वारा नयी दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में माननीय रक्षा राज्य मंत्री, सचिव (रक्षा), सचिव (रक्षा उत्पादन),अपर सचिव (रक्षा उत्पादन) और रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी गण की उपस्थिति में किया गया. हैदराबाद से कमोडोर सिद्धार्थ मिश्र, सी एम डी, बीडीएल, निदेशक गण और बीडीएल के वरिष्ठ अधिकारी गण इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

बीडीएल, मिसाइल के लिए देशी रूप से विकसित सीकर्स के परीक्षण और विनिर्माण के लिए सीकर फेसिलिटी सेंटर (एस एफ सी) की स्थापना कर रहा है। वर्तमान में सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल आर एफ सीकर्स से युक्त है जो मिसाइल के बेहतरीन लक्ष्य-भेदन के लिए अंतिम चरण में निर्देशन देता है। एस एफ सी को नये तरीके से डिजाइन किया गया है जो परिवर्तित रूप से दूसरे सीकर्स के लिए भी उपयुक्त हो सके। इस सुविधा से थल सेना के पास उपलब्ध मिसाइल के सीकर्स के पुनसर्जीकरण की आवश्यकताओं की पूर्ति भी होगी|

बीडीएल, देशी रूप से विकसित वारहेड्स के परीक्षण और विनिर्माण के लिए वारहेड उत्पादन सुविधा की स्थापना भी कर रहा है। टैंकरोधी संचलित मिसाइल और हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल की आवश्यक्ताओं की पूर्ति के लिए यह सुविधा बनाई गई है । वारहेड टेक्नोलॉजी और मिसाइल संबंधी भविष्य में होने वाले विकास को अपनाए जाने के लिए इस सुविधा का अभिकल्पन किया गया है।

बीडीएल में दि. 07 अगस्त से 14 अगस्त, 2020 तक ‘आत्मनिर्भरता भारत’ सप्ताह मनाया जा रहा है, इस अवसर पर भारत सरकार द्वारा जारी ‘आत्मनिर्भर भारत अभियान’ को आगे बढ़ाते हुए इस सप्ताह के दौरान कंपनी में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है।

रक्षा क्षेत्र में ‘आत्मनिर्भर भारत’ को आगे बढ़ाने के क्रम में बीडीएल ने सीकर फेसिलिटी सेंटर और वारहेड उत्पादन सुविधा की स्थापना कर अपना योगदान दिया इसके साथ-साथ देश के लिए विदेशी मुद्रा की बचत करने में सफल परिणाम हासिल किया।

‘आत्मनिर्भर भारत’ सप्ताह के अवसर पर सॉडेट (Society of Defence Technologists) द्वारा ‘आत्मनिर्भर भारत’ विषय पर वेबिनार आयोजित किया गया। इस वेबिनार में भारत सरकार के अपर सचिव (रक्षा उत्पादन), श्री वी एल कांता राव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वर्तमान में सॉडेट के अध्यक्ष बीडीएल के सी एम डी कमोडोर सिद्धार्थ मिश्र (से.नि.) है।

---XXX---